RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : बुधवार 01 नवंबर 2023 | वर्ष 05 | अंक 190 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
®
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## अचानक बैंक में भर गया बाढ़ का पानी

### देखते ही देखते बर्बाद हो 400 करोड़ रुपए




**नागपुर:** महाराष्ट्र के नागपुर में बैंक में नाग नदी के बाढ़ का पानी घुसने से 400 करोड़ रुपए के नोट बर्बाद हो गए. बैंक ऑफ महाराष्ट्र के सीताबर्डी के जोनल कार्यालय में बाढ़ का पानी भर गया था, जिससे बैंक में रखे कई सौ करोड़ रुपए के नोट भींग गए. बैंक का ताजा अपडेट आरबीआई को दे दी गई है. फिलहाल, बैंक अधिकारियों ने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है. 23 सितंबर को नाग नदी में आए भीषण बाढ़ का पानी बैंक के स्ट्रॉन्ग रूम में घुस गया था. बैंक परिसर से पानी निकालने में 24 घंटे से अधिक का समय लग गया था. एक वीडियो में साफ दिख रहा है कि बैंक में पानी घुस रहा है और बैंककर्मी निसहाय हो कर देख रहे हैं. हालांकि बैंक के जोनल मैनेजर वैभव काले ने तिजोरी में पानी भर जाने से इनकार या इसकी पुष्टि नहीं की है. विशेषज्ञों ने कहा कि भले ही करेंसी बर्बाद हो गई हैं, लेकिन किसी का पैसा कहीं नहीं गया है, बैलेंस शीट वहीं पर रहेगा. इस बैंक का उद्घाटन 1967 में तत्कालीन मुख्यमंत्री वसंतराव नाइक ने किया था. मालूम हो कि आरबीआई को इस घटना की जानकारी देने के बाद जांच शुरू हो गई है. आरबीआई ने फटे नोटों को हटाने और मुद्रा तिजोरी को फिर से भरने के लिए एक निरीक्षण दल भेजा है.

## मराठा आरक्षण के लिए जारी आंदोलन हुआ हिंसक!

### मुख्यमंत्री शिंदे ने 1 नवंबर को बुलाई सर्वदलीय बैठक...

**मुंबई :** मराठा समुदाय के लिए आरक्षण की मांग को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता मनोज जारांगे 25 अक्टूबर से जालना जिले के अपने पैतृक गांव अंतरवाली सरती में अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर हैं। मराठा आरक्षण की ये मांग दिन ब दिन तेज होती जा रही है। आरक्षण के मुद्दे को लेकर महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में हिंसा की घटनाएं हो रही हैं। ऐसे में राज्य की शिंदे सरकार ने बुधवार (1 नवंबर) को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। इस बैठक में सभी विधायक और सांसद मौजूद रहेंगे। मुख्यमंत्री ऑफिस की और से यह जानकारी दी गई है। उल्लेखनीय है कि सोमवार को बीड और छत्रपति संभाजीनगर जिलों में आंदोलन के दौरान तीन विधायकों के अलावा कुछ स्थानीय नेताओं के आवासों या कार्यालयों को निशाना बनाया और एक नगर परिषद भवन में आग लगा दी। पुलिस ने इस मामले को लेकर 49 लोगों को गिरफ्तार किया गया था और कर्फ्यू लगाया गया था। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि बीड की जिलाधिकारी द्वारा जारी आदेश के अनुसार, जिलाधिकारी कार्यालय, तालुकाओं के मुख्यालयों के साथ-साथ जिले से गुजरने वाले सभी राष्ट्रीय राजमार्गों के पांच किलोमीटर के दायरे में कर्फ्यू लागू किया गया है।





### फडणवीस ने हिंसा की निंदा की...

**महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने मंगलवार को कहा कि अधिकारियों ने 50 से 55 लोगों की पहचान की है जो मौजूदा मराठा आरक्षण आंदोलन के दौरान राज्य के विभिन्न हिस्सों में हिंसक गतिविधियों में शामिल थे। उन्होंने कहा कि दोषियों को कड़ी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।**

### अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठे है मनोज जरांगे

**मराठा आरक्षण आंदोलन राज्य में कई स्थानों पर हिंसक हो गया और प्रदर्शनकारियों ने राज्य के विभिन्न हिस्सों में सत्तारूढ़ दलों के नेताओं के आवासों में तोड़फोड़ की है। बड़े पैमाने पर हिंसा और आगजनी के बाद धाराशिव जिले और बीड जिले के कुछ हिस्सों में कर्फ्यू लगा दिया गया है। मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे 25 अक्टूबर से जालना जिले के अंतरवाली सरती गांव में आरक्षण की मांग के समर्थन में अनिश्चितकालीन अनशन कर रहे हैं।**

## महाराष्ट्र के तीन विधायकों ने राजभवन के बाहर प्रदर्शन किया

### राज्यपाल रमेश बैस से मुलाकात की



**मुंबई :** सत्तारूढ़ गठबंधन के घटक राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अजित पवार समूह) के दो विधायकों समेत तीन विधायकों ने मंगलवार को दक्षिण मुंबई स्थित राजभवन के बाहर प्रदर्शन किया और मराठा आरक्षण के मुद्दे के समाधान के लिए विधानमंडल का विशेष सत्र बुलाने की मांग की। राकांपा (अजित पवार समूह) के विधायक नीलेश लंके एवं राजू नवघरे और विपक्षी शिवसेना (यूबीटी) विधायक कैलास पाटिल पहले मंत्रालय (राज्य सचिवालय) के निकट महात्मा गांधी की प्रतिमा के पास आरक्षण की मांग के समर्थन में धरने पर बैठे और बाद में राजभवन के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। बाद में विधायकों को राजभवन के अंदर बुलाया गया जहां उन्होंने राज्यपाल रमेश बैस से मुलाकात की।

बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए लंके ने कहा, ''राज्यपाल ने हमें सूचित किया कि उन्होंने राज्य की मौजूदा स्थिति की समीक्षा की है। हमने उनसे राज्य विधानमंडल का एक दिवसीय सत्र बुलाने का अनुरोध किया ताकि सरकारी नौकरियों और शिक्षण संस्थान में मराठा समुदाय को आरक्षण देने वाला विधेयक प्रस्तुत कर पारित किया जा सके।'' मराठों को आरक्षण देने की उनकी मांग पर बैस की प्रतिक्रिया के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, ''राज्यपाल ने हमें बताया कि वह इस मुद्दे के संबंध में राष्ट्रपति से बात करेंगे। उन्होंने (आरक्षण आंदोलन के दौरान हुई हिंसक) घटनाओं और राज्य की वर्तमान स्थिति के बारे में भी जानकारी ली।'' विधायक ने कहा कि वे आरक्षण के मुद्दे पर चर्चा करने के लिए उपमुख्यमंत्री अजित पवार से भी मिलेंगे। मराठा समुदाय के सदस्यों ने आरक्षण को लेकर राज्यव्यापी आंदोलन शुरू किया है। लंके ने कहा, '' राज्यपाल से मुलाकात के बाद हमने अपने नेता अजित पवार से भी बात की।

## मलबार हिल जलाशय को लेकर एक महीने में होगा निर्णय... मनपा ने आईआईटी की लेगी सहायता

### मनपा आयुक्त और पालक मंत्री लोढ़ा की बैठक में अहम मुद्दों पर चर्चा

**मुंबई :** मालाबार हिल में पानी की टंकी की क्षमता बढ़ाने के प्रस्ताव पर मंगलवार को पालक मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा की मनपा आयुक्त इकबाल सिंह से चर्चा हुई। मनपा आयुक्त के साथ हुई बैठक में मलबार हिल सहित मुंबई के अस्पताल श्मशान भूमि और खेलमैदान आदि विषयों पर चर्चा हुई। लोढ़ा से हुई चर्चा के बाद मनपा आयुक्त ने मनपा के 25 अस्पतालों जिसमे केईएम, सायन, नायर सहित सभी मुख्य अस्पताल है उनमे मरीजों के लिए हेल्प डेस्क शुरू किया जायेगा। मनपा आयुक्त इकबाल सिंह के साथ पालक मंत्री लोढ़ा की हुई बैठक में मलबार हिल जलाशय को टंकी तोड़ने के स्थानीय निवासियों के विरोध को देखते हुए काम अस्थायी तौर पर रोक दिया गया है। अब मनपा आईआईटी के निदेशक द्वारा नियुक्त 3 प्रोफेसर मनपा के अधिकारी और स्थानीय निवासियों के प्रतिनिधि शामिल एक कमेटी बनाई है ।



कमेटी यह तय करेगी मलबार जलाशय को तोड़कर दोबारा निर्माण किया जाए अथवा उसकी मरम्मत से जलाशय का उपयोग हो सकेगा। कमेटी को एक माह के अंदर कार्य का निरीक्षण कर अंतिम निर्णय देने को कहा गया है. उसके बाद ही आगे की कार्रवाई की जायेगी। इस बैठक में 15 दिसंबर तक बाला साहेब ठाकरे आपला दवाखाना की संख्या 250 हो जाने की जानकारी दी। मुंबई में 554 स्थानों पर सार्वजनिक शौचालयों के लिए कार्य का आदेश दिया गया है जिसका काम भी अगले एक माह में यहां काम शुरू होने की जानकारी दी।



# संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

## पहले करियर कालेज बनाओ...

हिमाचल में फिर एक उड़ान शिक्षा की ओर भरते हुए यह तय हो रहा है कि कुछ कालेजों को सुदृढ़ करके, एक्सीलेंस का दर्जा दिया जाए। इस मांग की आपूर्ति के लिए कालेज अपनी-अपनी विकास योजना तीस नवंबर तक पेश करेंगे। शिक्षा के क्षेत्र में कमोबेश हर सरकार ने बुर्जियां ढूंढ लीं, लेकिन करियर की खोज संतुष्ट नहीं हुई। यह वजह है कि हिमाचल के पास सरकारी क्षेत्र में ही 133 डिग्री कालेज हो गए, जबकि मेडिकल संस्थानों व विश्वविद्यालयों को जोड़ लिया जाए, तो यह राज्य पड़ोस व देश के सामने उच्च स्तर की आदर्श स्थिति पैदा कर देता है। गौर यह करना होगा कि प्रदेश की मेरिट सूची भाग कहां रही है। क्यों आज भी मेरिट में आने वाला छात्र हिमाचल में नहीं पढ़ना चाहता या क्यों शिक्षा एक खोज की तरह अभिभावकों को चिंतातुर कर रही है। युवाओं की सफलता में चमकते करियर क्यों शिक्षा के हिमाचली ढर्रे को अप्रासंगिक मान लेते हैं। युवा हास्य कलाकार बनकर अपने करियर को हंसाना चाहते हैं, तो संगीतमय भविष्य में अपना नाम कमाना चाहते हैं। क्या हमने कभी सोचा कि परफार्मिंग आर्ट्स का भी एक स्वतंत्र संस्थान हो सकता है। क्या हमने कभी सोचा कि नए रोजगार का गैर सरकारी क्षेत्र किस तरह के संचार कौशल का इच्छुक है। आश्चर्य यह कि भाषायी ज्ञान के प्रति न हमारे स्कूल और न ही कालेज बेहतर साबित हो रहे। हिंदी या इंग्लिश में संचार कौशल का वातावरण ही नहीं बना, जबकि हिमाचल के आम बोलचाल के करीब खड़ी पंजाबी व उर्दू जैसी भाषाओं को ही अछूत बना दिया गया।

साल भर में बंद कमरों के भीतर कवि सम्मेलनों का आयोजन करते कला, संस्कृति एवं भाषा विभाग ने कभी सोचा ही नहीं कि छात्रों के भीतर सृजन की उमंग या भाषायी ज्ञान के लिए कुछ हट कर किया जाए। हिमाचल के कुल कालेजों में से मात्र दस ही अगर आर्ट्स के बचे हैं, तो क्या इनमें से कोई आर्ट्स का एक्सीलेंस कालेज बनेगा या केवल विज्ञान और कामर्स के महाविद्यालय ही उपयुक्त माने जाएंगे। आश्चर्य यह भी कि एक सौ तैंतीस कालेजों में से तैंतीस अगर स्नातकोत्तर हैं, तो फिर डिग्रियां बांटने और व्यक्तित्व विकास में अंतर कहां है। क्या शिमला, मंडी या धर्मशाला के विश्वविद्यालय महज औपचारिकता निभा रहे हैं या उच्च शिक्षा के उच्च मानदंड पैदा करने के लिए हर संस्थान स्नातकोत्तर नहीं हो सकता, बल्कि विश्वविद्यालयों के क्षेत्रीय अध्ययन केंद्र स्थापित करने होंगे। इस मामले में पंजाब विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय अध्ययन केंद्रों से सीखा जा सकता है। हिमाचल में शिक्षा के मापतोल में राजनीति हावी रही है और इसीलिए शिक्षा के केंद्र या यूं कहें कि शिक्षा के हब अपंग हो गए। शिमला, मंडी, सोलन, धर्मशाला और हमीरपुर काफी हद तक हिमाचल में शिक्षा की परंपराओं का उल्लेखनीय वर्णन करते रहे, लेकिन केंद्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना के प्रश्न पर राजनीति बेशर्मी पर उतर आई। आज भी धर्मशाला के जदरांगल परिसर पर सियासी उदासीनता स्पष्ट है।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# मुंबई में कहीं भी ठीक नहीं है एयर क्वालिटी...

## बॉम्बे हाई कोर्ट ने अधिकारियों से पूछा, क्या कर रहे हैं आप?

**मुंबई:** बॉम्बे हाई कोर्ट ने शहर में वायु गुणवत्ता में गिरावट पर स्वतः संज्ञान लेते हुए चिंता व्यक्त की। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस डी के उपाध्याय और न्यायमूर्ति आरिफ डॉक्टर की पीठ ने इस मामले पर केंद्र और महाराष्ट्र सरकार, बृहन्मुंबई महानगरपालिका, महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एमपीसीबी) और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) से जवाब मांगा। पीठ मुंबई में खराब वायु गुणवत्ता का मुद्दा उठाते हुए शहर के तीन निवासियों द्वारा दायर की गई एक जनहित याचिका (पीआईएल) पर सुनवाई कर रही थी।

**जनहित याचिकाओं पर सुनवाई**



चीफ जस्टिस उपाध्याय ने कहा कि शहर में वायु गुणवत्ता सूचकांक हर दिन खराब होता जा रहा है। हर जगह मुंबई के एक भी क्षेत्र में वायु गुणवत्ता बेहतर नहीं है। अदालत ने कहा कि वह चाहती है कि सभी संबंधित अधिकारी बताएं कि उन्होंने क्या उपाय किये हैं और मौजूदा कानूनों के तहत उन्हें क्या कदम उठाने चाहिए। अदालत ने मामले की सुनवाई छह नवंबर को तय की है। याचिकाकर्ता अमर बबन टिके, आनंद झा और संजय सुर्वे ने अपनी जनहित याचिका में अनुरोध किया है कि शहर में प्रदूषण पर अंकुश लगाने और शहर में सार्वजनिक स्थानों पर तेजी से बढ़ने वाले पेड़-पौधों का पौधारोपण अभियान चलाने के लिए सरकार और स्थानीय अधिकारियों को निर्देश दिया जाए।

**हरित क्षेत्र की कमी का हवाला**

याचिका में कहा गया कि लापरवाह तरीके से चल रही निर्माण गतिविधियों और हरित क्षेत्र की कमी के कारण मुंबई में वायु प्रदूषण काफी बढ़ गया है और इसका स्थानीय लोगों, विशेषकर बच्चों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। एयर क्वालिटी इंडेक्स के मानकों के अनुसार हवा में पीएम 10 का स्तर 100 और पीएम 2.5 60 माइक्रोग्राम प्रतिघन मीटर से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। अगर इससे अधिक मात्रा होती है तो एयर क्वालिटी इंडेक्स खराब माना जाता है।

# राज ठाकरे ने मनोज जरांगे से भूख हड़ताल खत्म करने की अपील की,

## पत्र लिखकर कही ये बात...



**मुंबई:** महाराष्ट्र में मराठा समुदाय के लिए आरक्षण की मांग तेज हो गई है। कई लोग प्रदर्शन के लिए सड़कों पर उतरे हैं और कई जगहों पर हालात को काबू में रखने के लिए कर्फ्यू भी लगाया गया है। इस बीच महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के अध्यक्ष राज ठाकरे ने मंगलवार को मराठा समुदाय के लिए आरक्षण की मांग कर रहे कार्यकर्ता मनोज जरांगे से अपनी अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल खत्म करने का आग्रह किया है।


**महाराष्ट्र विधानमंडल का एक विशेष सत्र बुलाने की मांग**

राज ने यह भी मांग की कि आरक्षण मुद्दे पर चर्चा के लिए महाराष्ट्र विधानमंडल का एक विशेष सत्र बुलाया जाए। जरांगे को लिखे पत्र में राज ठाकरे ने कहा कि जिन लोगों को आरक्षण का लाभ नहीं मिल सका, उन्हें मिलना चाहिए और आरक्षण आर्थिक स्थिति के आधार पर होना चाहिए। राज ठाकरे ने कहा, द्यइस मुद्दे पर चर्चा के लिए सरकार को राज्य विधानमंडल का एक विशेष सत्र बुलाना चाहिए। सभी को बताएं कि विभिन्न राय क्या हैं और सरकार किस कानून के तहत आरक्षण देने की योजना बना रही है।द्ध

**केंद्र को एक प्रस्ताव भेजा जा सकता है: राज**

राज ने कहा कि इसके बाद केंद्र को एक प्रस्ताव भेजा जा सकता है, जिससे इस मुद्दे से निपटने के लिए कहा जा सकता है। जरांगे मराठा समुदाय के लिए आरक्षण की मांग को लेकर 25 अक्टूबर से जालना जिले के अपने पैतृक गांव अंतरवाली सराटी में अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर हैं। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने इस मुद्दे पर बुधवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई है।

# मराठा आरक्षण समर्थक प्रदर्शनकारियों ने मुंबई-बेंगलुरु राजमार्ग को अवरुद्ध किया, यातायात प्रभावित



**पुणे :** मराठा आरक्षण समर्थक प्रदर्शनकारियों ने मंगलवार को महाराष्ट्र के पुणे शहर में मुंबई-बेंगलुरु राजमार्ग को अवरुद्ध कर दिया और टायर जलाए। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मराठा समुदाय के सदस्य अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) श्रेणी के तहत सरकारी नौकरियों और शिक्षा में आरक्षण की मांग को लेकर राज्य के विभिन्न हिस्सों में विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। सिंहगढ़ रोड थाने के एक अधिकारी ने कहा, ''प्रदर्शनकारियों के एक समूह ने दोपहर में मुंबई-बेंगलुरु राजमार्ग पर नवले पुल पर सड़क अवरुद्ध कर दी, नारे लगाए और सात .आठ टायरों में आग लगा दी।''

उन्होंने बताया कि शुरूआत में दोनों मार्ग पर वाहनों की आवाजाही रोकने के बाद उसे आंशिक रूप से बहाल कर दिया गया। इस बीच, पुलिस ने पुणे में मराठा समुदाय के नेताओं के आवासों और कार्यालयों के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी है। पुलिस उपायुक्त (विशेष शाखा) राजा रामास्वामी ने कहा, ''हमने मराठा समुदाय से संबंधित नेताओं के घरों और कार्यालयों के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी है।'' शहर के विभिन्न हिस्सों में मराठा आरक्षण के समर्थन में कई संगठनों ने आंदोलन किया।

मराठा आरक्षण आंदोलन राज्य में कई स्थानों पर हिंसक हो गया है और प्रदर्शनकारियों ने राज्य के विभिन्न हिस्सों में सत्तारूढ़ दलों के नेताओं के आवासों में तोड़फोड़ की है। बड़े पैमाने पर हिंसा और आगजनी के बाद धाराशिव जिले और बीड जिले के कुछ हिस्सों में कर्फ्यू लगा दिया गया है। मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे 25 अक्टूबर से जालना जिले के अंतरवाली सरती गांव में आरक्षण की मांग के समर्थन में अनिश्चितकालीन अनशन कर रहे हैं।




# मुंबई के सार्वजनिक शौचालय में मिला महिला का जला हुआ शव, मचा हड़कंप



**मुंबई :** मुंबई के मुलुंड से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। दरअसल मुलुंड में एक महिला का शव जली हुई हालत में मिला है। ऐसे में अब इस घटना से इलाके में डर का माहौल फैल गया है। सामने आई खबर के मुताबिक, पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है। सूत्रों के मुताबिक, रविवार (29) को मुलुंड पश्चिम में बीएमसी गार्डन के पास एक सार्वजनिक शौचालय में एक महिला का जला हुआ शव मिला। इस घटना के बारे में पुलिस के मुताबिक, रविवार रात करीब 11.15 बजे कुछ लोगों ने वसंत पब्लिक पार्क के पास एक सार्वजनिक शौचालय से धुआं निकलते देखा। इसके बाद वहां मौजूद लोगों ने तुरंत सुरक्षा गार्डों से संपर्क किया। सुरक्षा गार्डों की मदद से दरवाजा तोड़ा गया। इसके बाद महिला को तुरंत पास के मुलुंड अस्पताल में भर्ती कराया गया।

घटना की जानकारी महिला के पति को पुलिस ने दी। फिर सोमवार सुबह डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बता दें कि घटना के वक्त शौचालय का दरवाजा अंदर से बंद था। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। पुलिस का कहना है कि महिला की पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही साफ हो पाएगा कि यह आत्महत्या है या हत्या। फिलहाल इस घटना से इलाके में सनसनी मची हुई है।

# बिना परमिशन धड़ल्ले से चल रहा 16 डांस बार, पुलिस नहीं कर रही कार्रवाई

## राज्य सरकार के राजस्व को लग रहा चूना...



**भायंदर :** मीरा-भायंदर, वसई-विरार पुलिस आयुक्तालय के अंतर्गत 16 डांस बार बिना परमिशन के चलाए जा रहे हैं। जिसमें से 13 डांस बार काशीमीरा पुलिस थाने अंतर्गत आते हैं। इसका खुलासा सूचना अधिकार के तहत मांगी गई जानकारी से हुआ है। जिसमें पुलिस आयुक्तालय ने खुद बताया है कि 16 ऑर्केस्ट्रा बार बिना परमिशन के चलाए जा रहे हैं और किसी पर कारवाई नहीं की गई है। इससे पुलिस की कार्य पद्धति पर तो सवाल उठ ही रहे हैं, साथ ही राज्य सरकार के राजस्व को भी क्षति पहुंचने का मामला प्रकाश में आया है।

बता दें कि आरटीआई कार्यकर्ता कृष्णा गुप्ता ने एमबीवीवी (मीरा-भायंदर, वसई-विरार) पुलिस आयुक्तालय अंतर्गत चलाए जा रहे सभी डांस बारों की संख्या और उनके परमिशन तथा कार्रवाई के संदर्भ में जानकारी मांगी थी। पुलिस आयुक्तालय के मुख्यालय सहायक आयुक्त विजय कुमार मराठे द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार एमबीवीवी पुलिस आयुक्तालय अंतर्गत कुल 45 डांस बार हैं। जिनमें से 27 डांस बारों के लाइसेंस का रिन्यूअल (नवीनीकरण) नहीं हुआ है। इन 27 बारों में से 11 बार फिलहाल बंद बताए गए हैं। जबकि 16 डांस बार बिना लाइसेंस रिन्यूअल किए ही चलाए जा रहें हैं। जिससे लाखों रुपए के राजस्व को भी चुना लग रहा है। इसके बावजूद पुलिस द्वारा इन ऑर्केस्ट्रा बारों पर कारवाई नहीं की गई है।

**प्रति वर्ष कराना होता है लाइसेंस रिन्यूअल**

ऑर्केस्ट्रा बीयर बारों के लाइसेंस प्रति वर्ष रिन्यूअल (नवीनीकरण) कराने का प्रावधान है। वर्ष 2022 दिसंबर के बाद अक्टूबर 2023 शुरू है। 10 माह से 16 ऑर्केस्ट्रा बार एक तरह से बिना लाइसेंस चलाए जा रहे हैं,क्योंकि इन बारों के लाइसेंस का नवीनीकरण नही हुआ है, लेकिन पुलिस द्वारा उन बारों पर कारवाई नहीं की गई है।

**कई बारों पर मनपा ने की थी तोड़ू कारवाई**

मुंबई -अहमदाबाद महामार्ग से सटे काशीमीरा पुलिस थाने अंतर्गत के कई ऑर्केस्ट्रा बीयर बारों में अवैध निर्माण किए जाने की शिकायत के बाद मीरा- भायंदर मनपा प्रशासन ने तोड़ू कारवाई किए थे। हालांकि तत्कालीन मनपा आयुक्त दिलीप ढोले के कार्यकाल में विवादित रहे प्रभाग अधिकारी सचिन बच्छाव पर तोड़ू कारवाई किए गए बारों को नियमबा' तरीके से रिपेयरिंग परमिशन (मरम्मत अनुमति) देकर पुनः निर्माण कराने के आरोप लगाए जा रहे हैं। शहर के कई नागरिकों ने उन बीयर बारों पर तोड़क कारवाई करने की मांग मनपा आयुक्त संजय काटकर से की है।

# शराब घोटाला मामले में ED ने दिल्ली के CM अरविंद केजरीवाल को भेजा नोटिस



**नई दिल्ली।** शराब घोटाला मामले में ED ने दिल्ली के CM अरविंद केजरीवाल को नोटिस भेजा है. सीएम अरविंद केजरीवाल को 2 नवंबर को पूछताछ के लिए बुलाया गया है. इससे पहले दिल्ली के सीएम केजरीवाल को सीबीआई ने अप्रैल महीने में पूछताछ के लिए बुलाया था. बता दें इसी मामले में दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया पिछले 8 महीनों से जेल में हैं. दिल्ली में आम आदमी पार्टी की मुश्किलें कम होने का नाम ही नहीं ले रही है. सोमवार को सुप्रीम कोर्ट मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका खारिज होने के बाद देर शाम अरविंद केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय की ओर से नोटिस भेजा गया है. नोटिस के जरिए सीएम केजरीवाल को 2 नवंबर को पूछताछ के लिए बुलाया गया है.

# नौकरी के लिए फर्जी पासपोर्ट... दुबई में हो गई थी नो इंट्री




**मुंबई :** मुंबई पुलिस ने दुबई में नौकरी पाने के लिए फर्जी पासपोर्ट कलकत्ता से बनवाया था। आरोपी 2016 में दुबई से झगड़ा करके आया था, जिसके बाद दुबई जाने पर पाबंदी लग गई थी। अब फिर एकबार दुबई जाना था इसलिए उसने अपना जन्म की तारीख बदलवा दी थी। जिसके बाद वह फिर दुबई जा रहा था। लेकिन उम्र में काफी अंतर होने के कारण अधिकारियों ने उसे पकड लिया।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक केशब दास नामक शख्स ने दुबई में नौकरी (इ्ड) के लिए दूसरी बार जाने के लिए कलकत्ता से पासपोर्ट बनवाया था। जिसमें तारीख बदली हुई थी। इससे पहले वह दुबई गया हुआ था। लेकिन वहां पैसे न मिलने पर उस व्यक्ति के साथ झगड़ा हो गया। जिसके बाद वह भारत लौट आया था। जिसके बाद वहां के व्यक्ति ने सरकारी अथॉरिटी को जानकारी दे दी। जहां उसके आने पर पाबंदी लगा दी। इस वजह से एकबार फिर से उन्हें दुबई नौकरी के लिए जाना था।

# विलेपार्ले में नकली गहने रखकर चुरा लिया असली सोना

## घर में केअर टेकर के तौर पर रखी गई थी महिला



**मुंबई :** विलेपार्ले पुलिस ने नौकरानी पर चोरी का एफआईआर दर्ज किया है। नौकरानी को बुजुर्ग का ख्याल रखने के लिए रखा गया था। दो टाइम में बारह बारह घंटे के लिए दो महिलाएं रहती थी। जिसमें से एक महिला ने उनके घर पर रखे हुए गहने की हूबहू कॉपी लाई और फिर गहने की अदला बदली चोरी कर लिया। पुलिस ने उसके पति के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज किया है। दरअसल शिकायतकर्ता किसी काम से अमेरिका गए हुए थे। पत्नी और बेटी भी किसी काम से दुबई गए हुए थे। इस बीच जिन दो लोगों को काम पर रखा था उन्हें सभी जगह आने जाने की परमिशन दी गई थी। इसी का फायदा उठाकर आरोपी महिला ने शिकायतकर्ता के पिता द्वारा कपड़े में लपेटकर रखा गया 1 लाख 20 हजार और विदेशी नोट 60 हजार चुरा लिया था। इसका खुलासा तब हुआ जब वे विदेश से लौटने के बाद पैसा ढूंढने लगे। इसके बाद उन्होंने ने नौकरानी उषा गांगुर्डे से पुछताछ की, लेकिन उसने कुछ नहीं बताया। जिसकी शिकायत थाने में की तब पता चला कि उसीने 1 लख 80 हजार रुपये चुराए थे।

**हूबहू गहने बनाकर की चोरी**

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक शिकायतकर्ता की पत्न ी ने कपाट में गहने रखे हुए थे। इस गहने को देखर आरोपी महिला ने हूबहू दिखाने वाला गहना बाजार से लाया। इसके बाद उस नकली गहने को कपाट में रखा और असली गहना से उसे बदल लिया। इसके बाद गहने लेकर महिला ने उसे गायब कर दिया। पत्नी ने जब कपाट खोला तब उसमें गहने छिन्न भिन्न दिखे जिसके बाद उसे ज्वेलर्स के पास ले गए। जिसने गहने को नकली बताया और फिर वे विलेपार्ले पुलिस थाने में पहुंच गए शिकायत करने।

**दशहरा के लिए गहने निकालने पर हुआ खुलासा**

दरअसल दशहरा के दिन जब वह सिंगार करने घर में गई, तब कपाट में देखा कि कुछ गहने इधर उधर हुए हैं। जिसके बाद उसे शक हुआ कि गहने कुछ गायब हैं। तब वह अपने पूरे गहने लेकर जहां से गहने बनवाये थे उसके पास लेकर गई। जहां उन्होंने पाया कि तीन अंगूठी, तीन सोने की चूड़ी, एक कंगन, दो सोने की चैन और एक कर्णफूल नकली निकाला। ये सभी गहने चोरी हो गए। जिसकी कीमत 10 लाख 27 हजार 409 रुपये है। पुलिस मामले की अधिक जांच करने में पुलिस जुट गई है।

# कचरों की समस्या से मिली मुक्ति!

## 14 साल बाद डायघर कचरा परियोजना हुई शुरू...भांडारली कचरा परियोजना बंद!



**ठाणे :** ग्रामीणों के विरोध के चलते ठाणे महानगर पालिका ने भंडारली कचरा परियोजना को गुरुवार से बंद कर दिया और डायघर कचरा परियोजना पूरी क्षमता के साथ शुरू कर दिया। यहां कचरे का वैज्ञानिक तरीके से निपटान कर खाद का उत्पादन किया जा रहा है। अगले कुछ महीनों बाद यहां कचरे से बायो गैस और बिजली का उत्पादन शुरू हो जाएगा। 14 वर्ष बाद यह कचरा प्रक्रिया केंद्र शुरू हो गया है। उल्लेखनीय है कि ठाणे मनपा क्षेत्र में प्रतिदिन लगभग 1 हजार मीट्रिक टन कचरा उत्पन्न होता है। इसमें 60 फीसदी गीला और 40 फीसदी सूखा कचरा होता है। खुद का डंपिंग ग्राउंड न होने की वजह से मनपा दिवा में कचरा डंप कर रही थी। स्थानीय लोगों के भारी विरोध के चलते दिवा डंपिंग ग्राउंड को भी बंद कर दिया गया। इसके बाद मनपा ने भंडारली में एक अस्थायी कचरा परियोजना स्थापित की थी। विरोध के चलते इसे भी दो दिन पूर्व बंद कर डायघर परियोजना को शुरू कर दिया गया है। डायघर परियोजना का भी स्थानीय लोगों द्वारा खूब विरोध किया गया। पूर्व सांसद संजीव नाइक तथा आयुक्त अभिजीत बांगर ने स्थानीय लोगों को एक डेमो दिखाया कि डायघर कचरा परियोजना कैसे लागू की जाएगी। इससे नागरिकों को कोई असुविधा नहीं होगी। इसके बाद 15 टन कचरे का वैज्ञानिक तरीके से निपटान कर परियोजना का प्रयोगात्मक परीक्षण किया गया। गुरुवार को पूरी क्षमता के साथ कचरों के प्रोसेस का काम शुरू कर दिया गया।




## छत्रपति शिवाजी महाराज के वंशज छत्रपति शाहू ने की मनोज जरांगे से मुलाकात, बोले- 'गद्दी का सम्मान है'




**मुंबई :** छत्रपति शिवाजी महाराज की कोल्हापुर गद्दी के वंशज और पूर्व राज्यसभा सांसद छत्रपति संभाजी महाराज के पिता छत्रपति शाहू महाराज मराठा आरक्षण की मांग को लेकर आमरण अनशन करने वाले मनोज जरांगे से मिलने अंतरावली सराटी पहुंचे। उनके साथ कोल्हापुर के मराठा समाज के कई लोग भी थे। छत्रपति शाहू ने जरांगे की तबीयत को लेकर चिंता जताई और अनशन के बारे में सोचने को कहा। छत्रपति शाहू के हाथों जरांगे ने पानी पिया और कहा कि गद्दी का सम्मान करते हुए 2 दिन और पानी लूंगा। बाद में वो भी छोड़ दूंगा। जरांगे ने कहा कि छत्रपति शाहू ने सिर पर से हाथ घुमाया, तो हाथी का बल मिलता है। अब महाराज साथ है तो हम किसी से डरने वाले नहीं हैं।

बताया गया है कि आज महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने फोन पर जरांगे से बात की। इस दौरान जरांगे ने दो टूक कह दिया कि हम आधा आरक्षण नहीं लेंगे। आप सिर्फ उन लोगों को कुनबी का सर्टिफिकेट दे रहे हो, जिनके सबूत मिले है, लेकिन आज भी मेरी मांग है कि महाराष्ट्र के सभी मराठाओं की कुनबी समाज का सर्टिफिकेट मिले। जब तक आरक्षण का जीआर नहीं निकलता तब तक मैं अपना अनशन पीछे नहीं लूंगा। बता दें कि कल मराठवाड़ा के बीड में और अन्य इलाको में हुई आगजनी के बाद मनोज जरांगे ने कहा था कि मराठा भाई शांत रहें। आगजनी न करें। मराठा समाज के लोगों ने धुले-सोलापुर हाईवे जगह-जगह रोक कर शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन किया। इसमें महिला और लड़कियां काफी संख्या में शामिल रहीं।पानी लेने के कारण अनशन के सातवें दिन जरांगे की तबीयत में थोड़ा सुधार दिख रहा है, लेकिन कोई भी डॉक्टरी सहायता जरांगे नहीं ले रहे।

## अवैध होर्डिंग्स लगाने वालों के खिलाफ पुलिस करेगी कार्रवाई...

## मनपा आयुक्त ने मुंबई पुलिस आयुक्त को लिखा पत्र

### रात में लगने वाली होर्डिंग के खिलाफ मामला दर्ज करने का दिया निर्देश



**मुंबई :** अवैध होर्डिंग मनपा के लिए सिरदर्द बन गई है। अवैध होर्डिंग को लेकर मनपा को हाईकोर्ट की फटकार सुननी पड़ती है। मनपा का कहना है कि अधिकांश होर्डिंग रात के समय लगती है। मनपा आयुक्त इकबाल सिंह चहल ने मुंबई पुलिस आयुक्त को पत्र लिखकर रात में लगाने वाले होर्डिंग और उसको लगाने के लिए उपयोग किए जाने वाले टेम्पो पर मामला दर्ज करने का निर्देश दिया है। बता दे कि अवैध रूप से लगने वाली होर्डिंग से शहर बदरूप दिखाई देता है। राजनीओटिक होर्डिंगों की तो भरमार रहती है। मनपा के सामने रात में लगने वाली होर्डिंगों को लेकर कार्रवाई करने के लिए कर्मचारी नहीं होने से मनपा के सामने परेशानी खड़ी होने लगी है। मनपा आयुक्त चहल ने मुंबई पुलिस आयुक्त को पत्र लिख कर अवैध रूप से पोस्टर, बैनर लगाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने में मदद का आ''ान किया है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने पोस्टर बैनर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का आदेश मनपा आयुक्त को दिया है। 1 सितंबर से मनपा ने पोस्टर, बैनर के खिलाफ कार्रवाई भी शुरू की है। लेकिन जिस बड़े पैमाने पर कार्रवाई होनी चाहिए वह सड़क पर दिखाई नहीं दे रही है। मनपा मुंबई को अंतरराष्ट्रीय स्तर का शहर बनाने के लिए मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। मुंबई को सुंदर और स्वच्छ बनाने पर 1750 करोड़ रुपये खर्च कर रही है लेकिन जगह-जगह लगे पोस्टर, बैनर और बोर्ड मुंबई की सुंदरता खराब कर रहे हैं। मुंबई को गंदा करने में राजनीतिक , व्यावसायिक और धार्मिक पोस्टर, बैनर की संख्या सबसे ज्यादा है। बॉम्बे हाईकोर्ट ने वर्ष 2010 में बिना अनुमति के मुंबई में लगने वाले बैनर पोस्टर और होर्डिंग्स लगाने वालों के खिलाफ मामला दर्ज कराने का आदेश दिया था। उसके बाद से लगातार नियम का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। मनपा आयुक्त ने अब अवैध होर्डिंग लगाने वालो के खिलाफ सख्त कदम उठाया है।

## मुंबई के सार्वजनिक शौचालय में मिला महिला का जला हुआ शव, मचा हड़कंप



**मुंबई :** मुंबई के मुलुंड से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। दरअसल मुलुंड में एक महिला का शव जली हुई हालत में मिला है। ऐसे में अब इस घटना से इलाके में डर का माहौल फैल गया है। सामने आई खबर के मुताबिक, पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है। सूत्रों के मुताबिक, रविवार (29) को मुलुंड पश्चिम में बीएमसी गार्डन के पास एक सार्वजनिक शौचालय में एक महिला का जला हुआ शव मिला। इस घटना के बारे में पुलिस के मुताबिक, रविवार रात करीब 11.15 बजे कुछ लोगों ने वसंत पब्लिक पार्क के पास एक सार्वजनिक शौचालय से धुआं निकलते देखा। इसके बाद वहां मौजूद लोगों ने तुरंत सुरक्षा गार्डों से संपर्क किया। सुरक्षा गार्डों की मदद से दरवाजा तोड़ा गया। इसके बाद महिला को तुरंत पास के मुलुंड अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## मुंबई- बीजेपी विधायक बीएमसी अधिकारियों की पिटाई के मामले में दोषी करार



**मुंबई :** अवैध बिजली और पानी की सप्लाई बंद करने गए मुंबई नगर निगम के अधिकारियों की पिटाई के मामले में बीजेपी विधायक समेत 5 लोगों को जेल की सजा सुनाई गई है। आरोपियों को विभिन्न धाराओं के तहत तीन से छह महीने की कैद और प्रत्येक को 13,500 रुपये जुमार्ने की सजा भी सुनाई गई। अदालत द्वारा फैसला सुनाए जाने के बाद दोषियों ने अपील दायर करने के लिए समय देने का अनुरोध किया। अदालत ने उनके अनुरोध को स्वीकार कर लिया और सजा के क्रियान्वयन को एक महीने के लिए निलंबित कर दिया। मुंबई बीजेपी विधायक कैप्टन आर. तमिल सेल्वन समेत 5 लोगों को 6 महीने कैद की सजा सुनाई गई है। सत्र न्यायालय की विशेष अदालत के न्यायाधीश राहुल रोकड़े ने सोमवार शाम को फैसला सुनाया। आरोपों में दोषी पाए जाने के बाद विशेष अदालत ने सेलवन से पूछा कि क्या उन्हें सजा के बारे में कुछ कहना है। सेलवन ने जवाब दिया कि उन्होंने उस वक्त कुछ भी गलत नहीं किया। आरोपियों को सजा देने में दया दिखाने से गलत संदेश जाएगा। इसलिए पुलिस ने आरोपियों को कड़ी सजा देने की मांग की। आरोपियों में कैप्टन सेलवन के साथ पूर्व पार्षद जसबीर सिंह बीरा, इंद्रपाल सिंह मारवा, दर्शनबीर सिंह कोचर, गजानन पाटिल शामिल हैं।

## गोरेगांव में नाले में सड़ी गली लाश मिली, दो दिन पहले टुकड़ों में मिला था महिला का शव



**मुंबई :** मुंबई के गोरेगांव में एक अज्ञात व्यक्ति की लाश मिलने से सनसनी फैल गयी है। गोरेगांव इलाके में सोमवार सुबह नाले में एक अज्ञात व्यक्ति का सड़ा-गला शव मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के संबंध में एडीआर के तहत मामला दर्ज किया गया है, लेकिन शव की पहचान नहीं हो सकी है। रिपोर्ट के मुतबिक, इलाके के निवासियों ने नाले में शव को देखा और पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद पुलिसकर्मी तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और शव को सरकारी अस्पताल भेजा। मामले के संबंध में जांच जारी चल रही है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि व्यक्ति की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। शव की हालत बेहद खराब है। पुलिस ने कहा, व्यक्ति की मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही पता चलेगा। मृतक के परिवार का जल्द से जल्द पता लगाने की प्रयास चल रहा हैं।

## परेल में असली किन्नर ने की नकली किन्नर की पिटाई... पुलिस ने किया मामला दर्ज




**परेल :** मुंबई के परेल में फर्जी थर्ड पार्टी सदस्यों का पदार्फाश, मुंबई पुलिस को सौंपा गया आजकल तृतीय श्रेणी समाज अनेक अच्छे तरीकों से अपना जीवन यापन कर रहे हैं। लेकिन आज मुंबई में कई पुरुष समूह तीसरे पक्ष की पोशाक, भाषा और हाव-भाव का उपयोग करके जनता को धोखा दे रहे हैं। इसलिए आज मुंबई के प्रभादेवी सिग्नल पर तीसरे पक्ष ने नकली तीसरे पक्ष का पदार्फाश किया और उनका असली रूप समाज के सामने लाया और चेतावनी दी वे तीसरे पक्ष का नाम खराब न करें और जनता को धोखा न दें उन्होंने आज तुम्हें यह कहते हुए पुलिस के हवाले कर दिया है कि अगर तुम ऐसा करोगे तो हम तुम्हें पुलिस के हवाले कर देंगे। पुलिस आगे की कार्रवाई के लिए उसे स्थानीय थाने ले गयी है.

## मुंबई के व्यापारी को बंधक बनाकर लूटने के 6 आरोपी गिरफ्तार



**मुंबई :** पेपर मेन्युफैक्चरिंग व्यापारी को सस्ती डील के बहाने मुंबई से बुलाकर हथीन उपमंडल के गांव गहलब में बंधक बनाने और सात लाख रुपये आरटीजीएस करवाने के मामले में पुलिस ने एक नाबालिग सहित 6 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने तीन लाख 90 हजार रुपये नकद, दो गाड़ियां, एक पिस्टल, 11 कारतूस, तीन मोबाइल और फर्जी सिम बरामद किए हैं।

हथीन एवीटी स्टाफ इंचार्ज इंस्पेक्टर विश्व गौरव ने बताया कि इंडिया मार्ट एप में कागज बेचने का विज्ञापन देखने के बाद मुंबई (वेस्ट) स्थित घाटकोपर के किरोल रोड निवासी हितेश भगवानजी ने फोन किया। डील होने पर माल दिखाने के बहाने हितेश अपने सेल्समैन के साथ बीती 28 अगस्त को मुंबई से दिल्ली आया। दिल्ली से झांसा देकर गुरुग्राम बुला लिया और वहां से अपहरण कर गहलब गांव में लाकर बंधक बना लिया। जान से मारने की धमकी देकर 13 हजार 900 रुपये, दो मोबाइल फोन, गोल्ड चेन और सात लाख रुपये आरटीजीएस करवा लिए। इंस्पेंक्टर विश्व गौरव के अनुसार इस मामले में गांव गहलब निवासी राजाराम, न्यू कालोनी पलवल निवासी नरवीर, रूपडाका निवासी हारिश और गांव धीरनकी निवासी जाहिद को अरेस्ट किया गया है। पूछताछ के दौरान राहुल को भी अरेस्ट किया गया।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : शॉप नंबर ४ , मदीना मेंशन, ८९ ए, कैडल रोड, अपोजिट बिल्लाबोंग स्कूल, माहिम पश्चिम, मुंबई ४०००१६ , महाराष्ट्र मोबाइल नं 998777 5650 व्हाट्सप्प नं 7977408589: Email-editor@rokthoklekhaninews.com